RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 03 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 311 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### बावनकुले बोले- गडकरी पर कांग्रेस नेताओं का पोस्ट 'शरारतपूर्ण'
## भाजपा में असंतोष पैदा करना मकसद




**मुंबई :** महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की वीडियो क्लिप को लेकर शनिवार को कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के नेता जयराम रमेश पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनके इस कदम का मकसद सत्तारूढ़ पार्टी में असंतोष पैदा करना है। बावनकुले ने गडकरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संपत्ति बताया। उन्होंने कहा, केंद्रीय मंत्री देश के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

**पूरा मामला क्या है ?**

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से गडकरी के इंटरव्य के कुछ सेकंड के हिस्से को पोस्ट किया। जिसमें वह देश की स्थिति, किसान, मजदूर और गांव की सड़कों के बारे में बात कर रहे हैं। इसमें गडकरी कहे हुए सुनाई दे रहे हैं, ''आज गांव के मजदूर, किसान दुखी हैं। गांव में अच्छी सड़कें नहीं हैं। पीने के लिए पानी नहीं है। अच्छे अस्पताल नहीं हैं। अच्छे स्कूल नहीं हैं।'' इसके बाद कांग्रेस और भाजपा के नेताओं के बीच विवाद शुरू हो गया।

**गडकरी ने जारी किया कानूनी नोटिस**

इसके बाद गडकरी ने खरगे और रमेश को कानूनी नोटिस जारी किया और भ्रामक और अपमानजनक खबरें एक्स पर साझा करने का आरोप लगाया। गडकरी के वकील ने नोटिस में कहा कि खरगे और रमेश ने जानबूझकर एक वेब पोर्टल को दिए मंत्री के इंटरव्यू के 19 सेकंड की वीडियो क्लिप पोस्ट की। जिसमें उनके शब्दों के प्रासंगिक इरादे और अर्थ को छिपाया गया। नोटिस में कहा गया कि गडकरी के इंटरव्यू को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है और प्रासंगिक अर्थ से परे वीडियो अपलोड करके पेश किया गया।

**जनता ऐसे लोगों नहीं छोड़ेगी: बावनकुले**

नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बावनकुले ने कहा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बारे में कांग्रेस नेताओं की ओर से साझा किए गए पोस्ट की भाजपा निंदा करती है। कुछ लोगों को लगता है कि इस तरह के वीडियो पोस्ट करने से हमारी पार्टी में असंतोष पैदा होगा। कुछ लोगों ने शरारत की है और हमने कानूनी नोटिस दे दिया है। जनता ऐसे लोगों को नहीं छोड़ेगी।

## महाराष्ट्र में BJP का चुनावी आगाज
### 5 मार्च को अमित शाह बैठकों व रैलियां में लेंगे हिस्सा






**नागपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित चुनाव संबंधी बैठकों और कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए पांच मार्च को महाराष्ट्र के अकोला, जलगांव और छत्रपति संभाजीनगर जाएंगे। पार्टी के प्रदेश इकाई के प्रमुख ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस साल अप्रैल या मई में लोकसभा चुनाव होने की संभावना है। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा कि शाह मंगलवार सुबह 11 बजे अकोला में भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति और उसकी कोर समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें चंद्रपुर, बुलढाणा, अकोला, यवतमाल, वर्धा और अमरावती लोकसभा क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि अकोला के बाद शाह जलगांव जाएंगे, जहां वह अपराह्न दो बजे युवाओं के सम्मेलन 'महा युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद पूर्व भाजपा प्रमुख शाम छह बजे छत्रपति संभाजीनगर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि शाह के दौरे से एक दिन पहले भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा चार मार्च को नागपुर में 'नमो युवा सम्मेलन में युवाओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र से लगभग एक लाख युवा इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बावनकुले ने कहा कि भाजपा युवाओं से भारत के विकास के उनके दृष्टिकोण के बारे में राय मांगेगी, जिसे भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में शामिल करने के लिए केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 'नारी शक्ति वंदना कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

## साकीनाका कमर्शियल प्रॉपर्टी में लगी आग
### साकीनाका में नेक्सस सिनेमा के सामने कमर्शियल प्रॉपर्टी में लगी आग...




**मुंबई।** फायर ब्रिगेड ने शनिवार को कुर्ला पश्चिम में 09:05 बजे आग लगने की घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। लेवल- क पर सीपी कंट्रोल द्वारा प्रकाश में लाई गई यह घटना, अंधेरी - कुर्ला रोड, साकीनाका पर जरीमारी बेस्ट बस स्टॉप के पास, नेक्सस सिनेमा के सामने स्थित एक वाणिज्यिक संपत्ति में हुई थी।ग्राउंड-प्लस-वन संरचना के भीतर लगी आग ने मुंबई फायर ब्रिगेड को 09:20 बजे इसे स्तर 1 की घटना घोषित करने के लिए प्रेरित किया। सौभाग्य से, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

आग ने मुख्य रूप से दो इकाइयों में लगभग 15,000 वर्ग फुट के क्षेत्र को प्रभावित किया, जिससे बिजली के तारों, प्रतिष्ठानों, पेपर रीलों, मशीनरी के साथ-साथ कपड़ों और सिलाई मशीनों सहित विभिन्न सामानों को नुकसान पहुंचा। इसके अतिरिक्त, लकड़ी के दरवाजे, खिड़कियां और फर्नीचर भी प्रभावित हुए।अग्निशामकों ने 14:25 बजे तक सफलतापूर्वक आग बुझा दी, जिससे संपत्ति को और नुकसान कम हो गया।

## अजित की पत्नी सुनेत्रा ने शरद पवार के पुराने प्रतिद्वंद्वी अनंतराव थोपटे से की मुलाकात




**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी और बारामती लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की संभावित उम्मीदवार सुनेत्रा पवार के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनंतराव थोपटे से मुलाकात के बाद राजनीतिक अटकलें तेज हो गई हैं। थोपटे को शरद पवार का पुराना प्रतिद्वंद्वी माना जाता है।

थोपटे के बेटे और स्थानीय कांग्रेस विधायक संग्राम थोपटे ने कहा कि सुनेत्रा पवार ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री से भोर में उनके आवास पर मुलाकात की। भोर बारामती लोकसभा क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्रों में से एक है। ऐसी अटकलें हैं कि अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बारामती में निवर्तमान सांसद एवं शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ सुनेत्रा को मैदान में उतार सकती है।


## पुणे में फिर बड़ी कार्रवाई! छापेमारी में 150 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स जब्त की गई




**पुणे,** शहर में आज फिर बड़ी मात्रा में ड्रग्स जब्त की गई. पुणे पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक और बड़ी कार्रवाई की है. विश्रांतवाड़ी इलाके से 80 किलो से ज्यादा एमडी ड्रग्स जब्त किए गए. 80 किलो से ज्यादा ड्रग्स की कीमत करीब 150 करोड़ रुपये है. पुणे ड्रग रैकेट मामले में पुलिस की जांच जारी है.

ऐसे में पुलिस ने आज एक बार फिर बड़ी छापेमारी की है. शिक्षा के घर पुणे ने उड़ता पंजाब जैसी तस्वीर बनाई है. पुणे शहर को उड़ता पुणे कहने का समय आ गया है क्योंकि ड्रग्स का बड़ा रैकेट सामने आ रहा है.

## स्वयंभू बाबा के सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 2 महिलाओं समेत 7 लोग गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में अमीर बनने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए अनुष्ठान करने की आड़ में कथित तौर पर सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी स्वयंभू बाबा समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।ठाणे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि रैकेट की जांच राबोडी से 15 वर्षीय लड़की के लापता होने और अपहरण का मामला दर्ज किए जाने के बाद शुरू हुई। उन्होंने बताया कि जांच में 25 फरवरी को असलम खान और सलीम शेख नाम के दो लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिन्होंने पुलिस को मुख्य आरोपी साहेबलाल वजीर शेख उर्फ यूसुफ बाबा के बारे में बताया, जिसे कुछ समय बाद पकड़ लिया गया।



## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
**(प्रधान संपादक)**

### विकास दर के मायने

**भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद सुखद और सकारात्मक संकेत हैं। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर, 2023) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 8.4 फीसदी रही है। बीते साल इसी अवधि के दौरान यह दर लगभग आधी, अर्थात 4.3 फीसदी थी। इस डाटा का स्पष्ट संकेत है कि 2023-24 के दौरान आर्थिक विकास दर 7.6 फीसदी रहेगी। पहले यही अनुमान 7.3 फीसदी था। अर्थशास्त्री यह आकलन भी कर रहे हैं कि जीडीपी की विकास दर आखिरी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के दौरान कुछ कम भी हो सकती है। चौथी तिमाही में विकास दर 5.9 फीसदी हो सकती है। फिर भी हमारी अर्थव्यवस्था की बढ़ोतरी दर चीन, अमरीका, जापान, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी सरीखे बड़े देशों से अधिक रहेगी। यह आकलन अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष का है। कुछ विदेशी अर्थशास्त्री यह आकलन कर रहे हैं कि 2024-25 के दौरान विकास दर 5 फीसदी भी रही, तो गनीमत समझें। भारत की अर्थव्यवस्था फिर भी दुनिया में सबसे आगे रहेगी। बहरहाल अर्थशास्त्री ही 8.4 फीसदी की बढ़ोतरी दर देखकर हैरान हैं, क्योंकि 30 से अधिक अर्थशास्त्रियों के अनुमान थे कि दिसंबर तिमाही में बढ़ोतरी दर 6 से 7.2 फीसदी के बीच रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी तीसरी तिमाही में विकास दर 6.5 फीसदी का अनुमान लगाया था, लेकिन आंकड़े तमाम अपेक्षाओं और अनुमानों को पीछे छोड़ गए हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने यह पूरा डाटा जारी किया है। सभी अनिवार्य मानदंडों और क्षेत्रों में अर्थव्यवस्था की गति धावक वाली है, लेकिन कृषि की अनुमानित बढ़ोतरी दर 2023-24 में 0.7 फीसदी ही रहेगी। 2022-23 में यह दर 4.7 फीसदी थी। दिसंबर तिमाही में भी कृषि की यह दर -0.8 फीसदी आंकी गई है। यह नकारात्मक और निराशाजनक संकेत है। अलबत्ता औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े खनन, उत्पादन, बिजली, गैस, निर्माण, जल आपूर्ति आदि क्षेत्रों ने खूब गति पकड़ी है और उनकी औसतन विकास दर 9 फीसदी रहेगी। ऐसी विकास दर का सबसे बड़ा कारण यह है कि अर्थव्यवस्था में 17 फीसदी से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाले उत्पादन क्षेत्र में 11.6 फीसदी की वृद्धि हुई है।**

**यही दर बीती दिसंबर तिमाही के दौरान -4.8 फीसदी, यानी नकारात्मक, थी। उत्पादन के बाद निर्माण और बिजली क्षेत्रों की वृद्धि दर क्रमशः 9.5 फीसदी और 9 फीसदी रही है। नतीजा यह है कि देश में उत्पादन और निर्माण क्षेत्रों का विकास टिकाऊ और गतिशील रहा है। सेवा क्षेत्रों-व्यापार, होटल, परिवहन, संचार, वित्तीय, रियल एस्टेट, पेशेवर सेवाएं आदि-में आर्थिक विकास दर अपेक्षाकृत धीमी है, लेकिन फिर भी उनका औसत विकास 7 फीसदी रहा है। डाटा के मुताबिक, जीडीपी का आकार 43.55 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो बीते साल की समान तिमाही में 40.35 लाख करोड़ रुपए था। बेशक जीडीपी बढ़ी है, विकास दर अप्रत्याशित रही है, गति निरंतर है, उसके बावजूद उपभोग, खपत के स्तर पर अब भी निराशा है। मजबूत अर्थव्यवस्था का सही फायदा तभी मिलेगा, जब खपत और निजी निवेश में बढ़ोतरी होगी। निजी व्यय सिर्फ 3.5 फीसदी की दर से बढ़ा है। पूरे वित्त वर्ष में यह दर घटकर 3 फीसदी तक लुढक सकती है। हालांकि निवेश गतिविधियां 10.2 फीसदी से बढ़ती दिख रही हैं, लेकिन अर्थशास्त्री इसकी गति तेज चाहते हैं। उससे निजी उपभोग के आसार बढ़ेंगे। 2023-24 में अप्रैल-जनवरी, 2024 के दौरान देश का कर-राजस्व 18.8 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो पिछले साल इसी अवधि में 16.9 लाख करोड़ रुपए था। सबसिडी खाद्य, उर्वरक, यूरिया, पोषाहार और पेट्रोलियम को लेकर केंद्र सरकार की सबसिडी आगामी वर्ष 6.02 लाख करोड़ रुपए से घट कर 5.43 लाख करोड़ रुपए रह जाएगी। यानी सबसिडी पर लगातार अंकुश रखा जा रहा है। इससे भी जीडीपी में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है।**

**+91 99877 75650**
**editor@rokthoklekhaninews.com**
**Faisal Shaikh @faisalrokthok**
**#faisalrokthok**

# जेलों में बंद जुवेनाइल आरोपियों के लिए 'रिस्टोरिंग दी यूथ कैंपेन...'

**मुंबई:** कानून के मजबूत ढांचे के बावजूद हर तबके तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने की चुनौती बनी हुई है। माना जा रहा है कि 'रिस्टोरिंग दी यूथ कैंपेनह्ण की बदौलत यह चुनौती आसान हुई है। इस कैंपेन के तहत महाराष्ट्र भर की जेल में बंद ऐसे आरोपियों की पहचान की गई है, जो अपराध के समय जुवेनाइल (किशोर) थे, लेकिन किसी कारणवश अथवा मार्गदर्शन के अभाव में खुद के नाबालिग होने का दावा नहीं कर पाए। 18 साल से कम उम्र के बच्चे जुवेनाइल के दायरे में आते हैं। जेल में बंद ऐसे जुवेनाइल को प्रभावी कानूनी सहायता उपलब्ध कराना कैंपेन का उद्देश्य है, जिससे वे जेल की दुनिया से बाहर आ सके और उनके केस को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजेबी) के पास भेजा जा सकें।




ऐसे शुरू हुआ कैंपेन

हाल ही सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसे आरोपी को रिहा करने का निर्देश दिया था। जो 2003 में अपराध के समय जुवेनाइल था। इसके बावजूद वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। इस केस के मद्देनजर रिस्टोरिंग दी यूथ अभियान शुरू किया गया। ताकि आरोपी को केस के सही पड़ाव पर खुद के जुवेनाइल होने का दावा करने का अवसर दिया जा सके। वैसे भी न्याय प्रशासन का सिद्धांत है कि भले दोषी छूट जाए, लेकिन किसी निर्दोष को सजा नहीं होनी चाहिए। 18 साल से कम उम्र के बच्चे जुवेनाइल के दायरे में आते है। पिछले दिनों नेशनल लीगल सर्विसेस ऑथरिटी के निर्देश पर महाराष्ट्र विधि सेवा प्राधिकरण ने जेलों में जुवेनाइल की पड़ताल की मुहिम शुरू की थी। अभियान के तहत खासतौर से जेल में बंद ऐसे युवा आरोपियों से पूछताछ की गई, जिनकी उम्र 18 से 22 साल के बीच थी। मुहिम के दौरान 113 आरोपियों से पूछताछ की गई, जिन्होंने अपराध के समय जुवेनाइल होने का दावा किया था। पड़ताल में आरोपियों के परिवारवाले आरोपी की जन्म तारीख से जुड़े दस्तावेज मांगे गए। आरंभिक स्क्रूटनी के बाद संबंधित इलाके के कोर्ट में 32 आवेदन दायर किए गए। इनमें से 4 अर्जियां खारिज हो चुकी हैं। जबकि 28 आवेदन अभी विचार के लिए पेंडिंग है।

## सड़क पर बनने वालें गड्ढे मनपा के लिए बने सिरदद, सीमेंट कंक्रीट करने के साथ सड़क निर्माण के लिए बनाएगी नियमावली

**मुंबई :** विभिन्न सेवाओं को देने के लिए मुंबई के सड़कों की खुदाई की जाती हैं। सड़कों की खुदाई होने के बाद सड़क पर बनने वाले गड्ढे मनपा के लिए सिरदर्द बन जाते हैं। मनपा ने इस समस्या से निपटने के लिए नई नियमावली बनाने का निर्णय लिया है। मनपा ने इसके लिए 15 सूत्री कार्यक्रम बनाने की योजना बनाई है। मुंबई में



2050 किमी का सड़कों का जाल बिछा है, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने वर्ष 2022 के जून महीने में मुंबई की सड़को पर बने गड्ढों को लेकर चिंता जताई थी। मुख्यमंत्री शिंदे ने इस दौरान मुंबई की सभी सड़कों को सीमेंट कंक्रीट करने का निर्देश दिया। मुंबई मनपा ने मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन भी किया और दो साल में मुंबई की लगभग 800 किमी सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का चौदह हजार करोड़ का ठेका दिया गया। वर्ष 2023 में लगभग 400 किमी सड़क को सीमेंट कंक्रीट का ठेका दिया था।

## डिस्चार्ज के कुछ ही घंटे बाद फिर बिगड़ी मनोज जारांगे की हालत... अंतरवली में पहुंची डॉक्टरों की टीम



**मुंबई :** मराठा आंदोलनकारी मनोज जारांगे पाटिल की तबीयत बिगड़ गई है। उनके सीने में दर्द हो रहा है। जारांगे पाटिल के सीने में दर्द होने के कारण डॉक्टरों की टीम अंतरावली में दाखिल हो गई है। डॉक्टरों ने कहा है कि उन्हें इलाज के लिए तुरंत छत्रपति संभाजीनगर ले जाने की जरूरत है। कल (1 मार्च) सुबह छत्रपति संभाजीनगर (मनोज जारांगे पाटिल न्यूज) से इलाज पूरा करने के बाद मनोज जारांगे पाटिल अंतरवली सराती विरोध स्थल पर पहुंचे। रात में अचानक उसके सीने में दर्द शुरू हो गया। जैसे ही उन्हें दर्द महसूस होने लगा तो डॉक्टरों की एक टीम को वहां भेजा गया।

## रिवार्ड देने के नाम पर डॉक्टर के साथ धोखाधड़ी...!

**मुंबई :** ओशिवारा पुलिस ने लीलावती अस्पताल के डॉक्टर के साथ रिवार्ड पॉइंट रिलीज करने के नाम पर हुई धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। आईपीसी की धारा 419 और 420 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। ओशिवारा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक डॉक्टर लीलावती अस्पताल में मौजूद थे तब उन्हें एक नंबर से एसएमएस आया कि उन्हें 9850 रुपए का रिवार्ड मिला है। ये रिवार्ड पॉइंट लेने के लिए एक लिंक दिया गया था। उस लिंक पर क्लिक कर अकाउंट डिटेल्स डालने के लिए कहा गया। इस लिंक पर क्लिक करने के बाद जैसे जैसे डिटेल्स मागे गए डॉक्टर उसे भरते गए। इस दौरान उन्हें ओटीपी बहु आया जिसे उन्होंने उसमें डाला। इसके बाद उनके अकाउंट से 1लाख 84 हजार 997 रुपये अकाउंट से कट गए। इससे उन्हें पता चला कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है।

## नगरसेविका पति सहित चार को 7 साल की सजा

**मुंब्रा :** पिछले तीस सालों से जो परिवार नगरसेवकी पर कब्जा जमाए रखा था, कोर्ट ने जान लेवा हमला करने के आरोप में उस परिवार के 4 सदस्यों को 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाया है। यह सजा सुनाए जाने के बाद मुंब्रा की राजनीति में हड़कंप मचा हुआ है। मुंब्रा के कोसा स्थित रसीद कंपाउंड परिसर में अंसारी परिवार का दबदबा है। इस परिवार का करीब 30 सालों से मनपा के नगर सेवकी पर कब्जा है। एक चिकन वाले की दुकान के सामने कचरा फेंकने को लेकर वर्ष 2012 में



वाद विवाद हुआ था। इससे नाराज अंसारी परिवार के मोहम्मद सलीम अब्दुल खालिक शेख, रईस अंसारी, मोहम्मद सगीर उर्फ राजू अंसारी, सरफराज अंसारी, र मी ज अंसारी और मुश्ताक अहमद शेख ने मिलकर दुकानदार पर जान लेवा हमला कर दिया। मुंब्रा पुलिस ने इस मामले में चारो आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। सभी आरोपी जमानत पर थे। इस मामले की अंतिम सुनवाई ठाणे जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रेमल एस विठलानी की अदालत में हुई। गवाहों एवं सबूतों के आधार पर कोर्ट ने उक्त चारो आरोपियों को दोषी माना और प्रत्येक को 7 साल की सजा के साथ साथ 26 हजार रुपये के जुमार्ने का आदेश दिया।



# मुंबई/ पैसे लेकर भी नहीं शुरू हुआ बिल्डिंग का काम

## दो बिल्डर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुंबई :** आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने लोगों से पैसे लेकर प्रोजेक्ट शुरू न करने के मामले में दो बिल्डर को गिरफ्तार किया है। दोनों ने मिलकर फ्लैट बुकिंग के नाम पर 11.59 करोड़ रुपए ले लिए। सालों बीत जाने के बाद भी प्रोजेक्ट जब नहीं शुरू हुआ, तब लोगों ने ईओडब्ल्यू से संपर्क किया और मामले में एफआईआर दर्ज की गई। गिरफ्तार किए गए बिल्डरों का नाम सुरेश श्रॉफ (72) और मनोज शाह (65) है। अदालत में पेशी के बाद दोनों को पुलिस हिरासत में भेजा गया है। ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी के मुताबिक, एसवीके परिजेक्ट्स एलएलपी नामक कंपनी विलेपार्ले में नई बिल्डिंग बनाने जा रही थी और इसके लिए उसने लोगों से बुकिंग के पैसे भी ले लिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी इस कंपनी ने प्रोजेक्ट पर काम भी शुरू नहीं किया था। इसलिए इनपर कार्रवाई की गई है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बिल्डर विलेपार्ले पश्चिम में सन विजन स्प्लेंडर नाम का प्रोजेक्ट शुरू करने वाला थे। इस बिल्डिंग में घर खरीदने के इच्छुक लोगों ने बुकिंग कराई और पैसे भी चुकाए। इन लोगों ने साल 2015 में बिल्डर के अकाउंट में बुकिंग अमाउंट जमा कर दिया था, लेकिन 2024 के बाद भी बिल्डर ने इन लोगों को कोई घर नहीं दिया।

# अमृत भारत योजना देशभर के रेल यात्रियों के लिए प्रभावी साबित होगी- मंगेश कुंडलकर


## अमृत रेल योजना के तहत कुर्ला रेलवे स्टेशन का होगा काया पलट सौंदर्यकारण की शक्ल मे...

**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमृत भारत रेलवे योजना को रेल यात्रियों के लिए प्रभावी साबित होगी। इसके तहत मुंबई के सबसे व्यस्थम रेलवे स्टेशनों मे शुमार कुर्ला रेलवे स्टेशन का सौंदर्य कारण किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नाविस, अजीत पावर संकल्पना को जमीन पर उतार करेंगे साकार। ऐसा प्रति पदान मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की देश के प्रधानमंत्री



140 एक अरब चालीस करोड़ जनता का प्रवास सुखद बनाने के लिए संपूर्ण देशभर के रेलवे स्टेशनों की काया पलट सौंदर्य कारण कर के करने वाले है। जिसको लेकर महाराष्ट्र के यशस्वी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नाविस, अजीत पावर के महाराष्ट्र को विकसित प्रदेश बनाने की संकल्पना को साकार राम देने मे लगे है। जिसके कारण मुंबई उपनगर के सबसे व्यवस्थम रेलवे स्टेशनों की कातार मे शामिल कुर्ला रेलवे स्टेशन का होगा सौंदर्य कारण किस प्रकार होगा अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन की काया पलट -1कुर्ला स्टेशन पूर्व व पश्चिम की ओर उत्कृष्ट प्रवेशद्वार बनाया जायेगा-2 कुर्ला स्टेशन के दोनों ओर तिकीट घर नये तरीके से बनाया जायेगा।3- कुर्ला स्टेशन के सभी प्लॅटफॉर्म सुशोभित किये जायेंगे।-4रेलवे यात्रियों के लिए प्रसाधन गृह बनाये जायेंग-5 वहीं इसके अलावा रेलवे परिसर का सुशोभीकरण किया जायेगा। जिसको लेकर चर्चा करने के लिए मंडळ रेल्वे प्रबंधक रजनीश कुमार गोयल से, समेत सिनिअर मंडळ अभियंता कुलश्रेष्ठ व संबंधित अधिकारियों की भेंट कर चर्चा किया।

# महाराष्ट्र का एक व्यक्ति पुणे में 2 करोड़ से अधिक मूल्य की नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार



**पुणे:** एक बड़ी कार्रवाई में, पुणे पुलिस ने पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड़ से 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 2.38 किलोग्राम ड्रग्स के साथ एक 32 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 32 वर्षीय नमामि शंकर झा के रूप में हुई है, जो बिहार राज्य का रहने वाला है। एक अधिकारी ने कहा, 'शहर पुलिस, जो अब पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस है, हरकत में आई और 2,02,00,000 रुपये मूल्य की 2.38 किलोग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की और शुक्रवार को पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड़ के पिंपल निलख इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।' पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), शिवाजी पवार के अनुसार, 'आरोपी की गिरफ्तारी तब हुई जब स्थानीय क्षेत्र के सांगवी पुलिस स्टेशन के ऑन-ड्यूटी सहायक पुलिस निरीक्षक नारायण पाटिल ने एक सफेद कैरी बैग के साथ उसकी संदिग्ध हरकत देखी।

# सरकार में लूट और सिर्फ लूट की स्पर्धा चल रही है - विजय वेटेड्डीवार


**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार का पांच दिवसीय बजट सेशन शुक्रवार (1 मार्च) को खत्म होने के बाद विपक्ष के नेता विजय वेटेड्डीवार ने सीएम एकनाथ शिंदे पर पर जोरदार हमला बोला है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार का यह बजट 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' है. इस बजट में जितनी भी योजनाओं के लिए पैसा आवंटित करने की बात की गई है, उसका इस्तेमाल आने वाले चुनाव में होगा ऐसा हमे आशंका है.

विपक्ष के मुताबिक इस बजट में सिर्फ मोदी का गुड़गान किया गया है. किसानों को उनके फसल की दर सही नहीं मिल रही, लेकिन उस पर कोई फैसला नहीं लिया गया. बेमौसम बरसात से किसानों का नुकसान हुआ, उसपर राहत की कोई घोषणा नहीं की गई. हमने कई मुद्दों पर बात रखी, लेकिन कुछ भी सुना नहीं गया. पीएम मोदी के किसी भी गारंटी की बात नहीं हुई न ही उसपर कोई जवाब दिया गया

# मीठी नदी चौड़ीकरण में बाधक बने 672 झोपड़ों को मनपा ने किया जमींदोज...

## 500 मीटर का परिसर हुआ खाली


**मुंबई :** मीठी नदी चौड़ीकरण में बाधा बने 672 झोपड़ों को मनपा एच पूर्व वार्ड ने तोड़क कार्रवाई करते हुए जमींदोज कर दिया। मनपा द्वारा तोड़क कार्रवाई 29 फरवरी और 01 मार्च को की गई। इस कार्रवाई के कारण मीठी नदी के किनारे का लगभग 500 मीटर हिस्सा खाली हुआ है। मनपा को अब मीठी नदी की चौड़ाई 40 मीटर से बढ़ाकर 100 मीटर करने में मदद मिलेगी। मनपा प्रशासन ने मीठी नदी में जाने वाले दूषित पानी की समस्या दूर करने और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किया जा रहा है। उसके तहत चौड़ीकरण, गहरीकरण, सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण, सर्विस रोड का निर्माण और छोटी नालियों से मीठी नदी में जाने वाले गंदे पानी को साफ कर मीठी नदी में छोड़े जाएं का काम किया जा रहा है। इन सब कामों में मीठी नदी के किनारे बने झोपड़े बाधा बन रहे थे। मनपा इन झोपड़ों को हटाने के लिए समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही



है। मनपा ने अक्टूबर 2023 में बख्शी सिंह कंपाउंड के पास के झोपड़ों को किया। दो दिन की कार्रवाई से मीठी नदी किनारे के करीब 500 मीटर हिस्सा साफ हो गया। अब इस क्षेत्र में मीठी नदी को चौड़ीकरण गहरीकरण, सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण, सर्विस रोड का निर्माण और छोटे नालों से मीठी नदी में छोड़े जाने वाले दूषित पानी को प्रक्रिया करने का केंद्र बनाया जा सकेगा।

# 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट का मास्टरमाइंड आजम चीमा की पाकिस्तान में मौत !

**मुंबई :** आतंकी आजम चीमा की पाकिस्तान में मौत की खबर है. चीमा 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट का मास्टरमाइंड था. बताया जा रहा है चीमा को फैसलाबाद में दिल का दौरा पड़ा. इसके बाद उसकी मौत हो गई. आजम चीमा लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का इंटेलिजेंस चीफ था. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आजम चीमा 2008 के मुंबई आतंकी हमलों का मुख्य साजिशकर्ता था और 2006



में मुंबई में हुए ट्रेन बम धमाकों का मास्टरमाइंड था. ट्रेन में हुए बम धमाकों में 188 लोग मारे गए थे और 800 से ज्यादा लोग घायल हुए थे. अमेरिकी सरकार के मुताबिक 2008 के हमलों को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को आजम चीमा ने ट्रेनिंग दी थी. इस हमले में 6 अमेरिकियों सहित कुल 166 लोगों की मौत हुई थी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीमा का अंतिम संस्कार फैसलाबाद के मलखानवाला में किया गया. 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादी समुद्री रास्ते से दक्षिण मुंबई इलाके में दाखिल हुए और ताज महल पैलेस होटल समेत कई जगहों पर हमला किए.

# अंबरनाथ में पत्नी ने सुपारी देकर कराई पति की हत्या!

## हत्या के आरोप में चार लोग गिरफ्तार




**अंबरनाथ :** अंबरनाथ में अपने 48 वर्षीय पति की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में एक महिला, उसके प्रेमी और सुपारी लेकर हत्या करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंबरनाथ पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जगन्नाथ कालस्कर ने बताया कि 25 फरवरी को हुई हत्या के सिलसिले में पुलिस ने एक लड़के को भी हिरासत में लिया है, जिसने सुपारी लेकर हत्या करने वाले व्यक्ति का साथ दिया था।

उन्होंने बताया कि महिला का पति रमेश झा पिछले रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे अपने कार्यस्थल की ओर जा रहा था तभी आरोपियों ने उसे अंबरनाथ-बदलापुर रोड पर एक भोजनालय के पास रोक लिया और उसपर कई बार चाकू से हमला किया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर आखिरकार पुलिस ने आरोपियों का पता लगा ही लिया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यह पता चला कि मृतक की पत्नी 10 साल दिल्ली में रही थी और आरोपी के साथ उसके संबंध थे। शादी होने पर अंबरनाथ आने के बाद भी उसका संबंध कायम रहा। अधिकारी ने बताया कि जब महिला के पति को इस बारे में पता चला तो उसने इसका विरोध किया, इसके बाद महिला ने उसे खत्म करने की साजिश रची और इस काम के लिए सुपारी लेकर हत्या करने वाले एक अपराधी से संपर्क किया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी दिल्ली भाग गए। इस सूचना के आधार पर, अंबरनाथ पुलिस की एक टीम राष्ट्रीय राजधानी गई और वहां दोनों को पकड़ लिया। जबकि महिला और उसके मित्र को अंबरनाथ से पकड़ा गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि तीनों को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें स्थानीय अदालत में पेश किया गया।



# नागपुर मुंबई समृद्धि राजमार्ग पर जानलेवा गड्ढा!

## हजारों करोड़ रुपये की लागत से बने पुल के ढहने से काम पर सवालिया निशान



**मुंबई:** समृद्धि हाईवे पर गड्ढों को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। इससे लोहोगांव पुल पर बने गड्ढों ने काम की गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। हजारों करोड़ रुपये की लागत से बने हाईवे के ढहने से एक बार फिर समृद्धि हाईवे के काम पर सवाल उठ रहे हैं।

**समृद्धि राजमार्गों पर जानलेवा गड्ढे**

नंदगांव खंडेश्वर तालुका में लोहोगांव पुल पर एक घातक गड्ढे के कारण समृद्धि राजमार्ग के काम की गुणवत्ता पर सवाल उठाया गया है। यह घटना शुक्रवार सुबह के आसपास घटी। जब इस सड़क का कंक्रीट नीचे गिर गया। उसी समय कुछ किसान वहां से गुजर रहे थे, तभी पुल का एक हिस्सा ढह गया, लेकिन सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई।

**पुल पर बने गड्ढे के काम की गुणवत्ता पर सवाल**

हजारों करोड़ रुपए खर्च कर नागपुर मुंबई समृद्धि राजमार्ग का निर्माण किया गया। इस हाईवे को शुरू हुए बमुश्किल एक साल ही बीता है। अगर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाला कोई वाहन ऐसी चट्टान से गुजरता है तो बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है. इसलिए चूंकि यह नागरिकों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ है, इसलिए नाराजगी भरी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।

# विधानसभा में मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान!

## सरकारी कर्मचारियों के लिए संशोधित "NPS" योजना लागू की जाएगी

**मुंबई:** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महाराष्ट्र में शिंदे सरकार ने मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। महाराष्ट्र सरकार ने नवंबर 2005 या उसके बाद सेवानिवृत्त हुए राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए केंद्र की नई पेंशन योजना का संशोधित संस्करण लागू करने का निर्णय लिया है। पेंशन अब कर्मचारी के अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत होगी और इसमें महंगाई भत्ता भी शामिल होगा। इसके अलावा शिक्षक और पुलिस भर्ती में मराठा आरक्षण लागू किया जाएगा। राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में एक बयान में, शिंदे ने कहा कि यदि कर्मचारी संशोधित पेंशन योजना का विकल्प चुनते हैं, तो उन्हें अपने अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन और महंगाई भत्ते के रूप में और 60 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन और महंगाई भत्ते के रूप में मिलेगा।



राज्य में 13.45 लाख कर्मचारी हैं, जिनमें से 8.27 लाख पर एनपीएस लागू है। राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन योजना और एनपीएस का तुलनात्मक अध्ययन करने के लिए मार्च 2023 में एक समिति का गठन किया था। समिति ने 1 नवंबर, 2005 और उसके बाद सेवा में शामिल होने वाले कर्मचारियों को स्थायी वित्तीय राहत प्रदान करने के उपायों पर विचार किया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह भी घोषणा की कि पुलिस बल और सरकारी शिक्षकों की भर्ती में 10 प्रतिशत मराठा आरक्षण लागू किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने विधान परिषद में कहा कि शुक्रवार को 17,000 पुलिस कर्मियों की भर्ती का विज्ञापन दिया गया है। उन्होंने कहा, भर्तियों में 10 फीसदी मराठा आरक्षण लागू किया जाएगा।

# संभाजीनगर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई,

## रजिस्ट्रार के घर से मिले 1 करोड़ 35 लाख रुपये कैश...



**मुंबई :** एसीबी ने जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए रजिस्ट्रार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। चौंकाने वाली बात यह है कि दूसरे रजिस्ट्रार के घर से 1 करोड़ 35 लाख रुपये कैश मिलने से हड़कंप मच गया है। संयोग से, अवैध पंजीकरण मामले में इस उप-रजिस्ट्रार के निलंबन का आदेश सुबह सिल्लोड कार्यालय में आया और उस पर अमल होने से पहले ही वह रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। अधिकारी का नाम छगन उत्तमराव पाटिल, उम्र 49 वर्ष, निवासी छत्रपति संभाजीनगर है और वह सिल्लोड में पंजीकरण कार्यालय में कार्यरत थे।

मिली जानकारी के अनुसार, छगन उत्तमराव पाटिल सिल्लोड के पंजीकरण कार्यालय में माध्यमिक रजिस्ट्रार के रूप में कार्यरत हैं। इस बीच, सिल्लोड तालुका के अमथाना के शिकायतकर्ता और उसके बहनोई का द्वानाडा शिवारा के प्लॉट नंबर 47/1 में एक आम खेत है। शिकायतकर्ता की पत्नी के नाम पर खेत का बैनामा करने के लिए आवेदन किया गया था। लेकिन दूसरे रजिस्ट्रार छगन पाटिल ने 5 हजार की मांग की। लेकिन चूंकि शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में शिकायत की। इसलिए एसीबी की टीम ने 1 मार्च की दोपहर को द्वितीय रजिस्ट्रार कार्यालय में जाल बिछाया। इस बार परिवादी से 5 हजार रुपए की रिश्वत ली गई। इस मामले में छगन पाटिल और स्टांप वेंडर भीमराव किसन खरात को रंगे हाथ पकड़ा गया है।

**घर में 1 करोड़ 35 लाख रुपए कैश...**

सिल्लोड के पंजीकरण कार्यालय में दूसरे रजिस्ट्रार के रूप में कार्यरत छगन पाटिल को रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बाद, एसीबी टीम ने तुरंत उनके घर पर छापा मारा। इस बार कार्रवाई करने गई टीम भी हैरान रह गई। क्योंकि टीम को पाटिल के घर से 1 करोड़ 35 लाख का कैश मिला है। इस संबंध में टीम ने पंचनामा किया है और छगन पाटिल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# महाराष्ट्र में फिर हुआ बुलडोजर एक्शन... हाईवे पर बनी अवैध मजार को किया ध्वस्त

**मीरा रोड :** मीरा रोड के बाद अब नासिक मनमाड चाँदवाड़ हाईवे पर बने अवैध मजार पर बुलडोजर एक्शन हुआ है. मजार के नाम पर लैंड जिहाद का आरोप था. भाजपा विधायक नितेश राणे ने विधानसभा में इसका मुद्दा उठाया था. अब प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर मजार को ध्वस्त कर दिया है. इस कार्रवाई के बाद हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए है. बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. इखढ के विधायक नेता और प्रवक्ता नीतेश राणे ने नासिक चाँदवाड़ नेशनल हाईवे पर बने अवैध मजार की तस्वीरें विधानभवन परिसर में दिखाई थी. नितेश राणे ने कहा कि राष्ट्रीय महामार्ग पर इस तरह से अवैध मजार बनाने के लिए ये कोई पाकिस्तान नहीं है ये हिंदुस्तान है और यहाँ ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. नितेश राणे ने कहा कि महाराष्ट्र और देश भर में जितने भी नेशनल हाईवे बनाए जा रहे हैं या बन गए उसमें कई सारे हिन्दू मंदिर थे. हिन्दुओं ने शांतिपूर्ण तरीके से उन मंदिरों को दूसरी जगह शिफ़्ट किया लेकिन कुछ जिहादी प्रवृत्ति के लोग अब नेशनल हाईवे पर मजार बना रहे हैं. यह सब तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किया जा रहा है.



**"मजार नहीं हटाई तो हनुमान मंदिर बनेगा"**

नीतेश राणे ने कहा कि सालुंखे के नाम के एक हाईवे प्राधिकरण के अधिकारी ने इस मजार बनाने के लिए मदद की. मालेगांव से एक मौलवी को बुलाया और वहाँ मजार स्थापित की. अगर यह मजार वहाँ से हटाईं नहीं गई तो वहाँ बगल में ही हनुमान का मंदिर बनाया जाएगा. नितेश राणे ने कहा कि नेशनल हाइवे पर अब मजार बन गई आगे वहाँ लोग नमाज पढ़ेंगे, कई लोग रोज इकट्ठा होंगे राष्ट्रीय महामार्ग में सुरक्षा पर सवाल उठेगा. ऐसे में नेशनल हाईवे प्राधिकरण इस अवैध निर्माण को तुरंत हटाए नहीं तो वहाँ हिंदु लोग भी आयोध्या से साधु संतों को बुलाकर मंदिर का निर्माण करेंगे और पूजा अर्चना करेंगे. नीतेश राणे ने साथ ही ये भी कहा कि इस बारे में उन्होने संबंधित प्राधिकरण को शिकायत की है साथ ही वह सड़क निर्माण मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात करेंगे.

# मार्च में ही मई का एहसास करा रही गर्मी...

## एमएमआर में पारा का स्तर 40 डिग्री तक पहुंचा



**मुंबई :** मुंबई, कर्जत, ठाणे, पालघर और कोंकण बेल्ट के कई अन्य क्षेत्रों सहित मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (एमएमआर) में पारा का स्तर 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि गर्मी का मौसम कुछ और दिनों तक बना रहेगा, इससे पहले कि तापमान थोड़ा कम हो जाए। गुरुवार को मुंबई की सांताक्रूज वेधशाला में अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोलाबा में 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, ये क्षेत्र कर्जत, ठाणे और बदलापुर की तुलना में अपेक्षाकृत ठंडे थे, जहां तापमान क्रमशः 41C और 40C(प्रत्येक) तक बढ़ गया था। वैगरीज ऑफ द वेदर के राजेश कपाड़िया ने इसे 'रोलरकोस्टर मौसम कहते हुए कहा, 37.5 डिग्री सेल्सियस से अधिकतम 15 डिग्री सेल्सियस तक, तापमान रोलरकोस्टर पर लगता है। कुछ दिनों तक मौसम सामान्य तापमान से अधिक गर्म रहता है और उसके बाद कुछ दिनों तक मौसम ठंडा रहता है। फिलहाल मुंबई में यही स्थिति है। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि अधिकतम तापमान गिरकर 31-32 डिग्री सेल्सियस हो जाएगा।

## मुंबई के लिए प्रस्तावित 10% पानी कटौती वापस ली गई

**मुंबई:** राज्य सरकार द्वारा नगर निकाय को वैतरणा और भातसा बांधों के आरक्षित स्टॉक से पानी छोड़ने का आश्वासन दिए जाने के बाद, बीएमसी शहर के लिए प्रस्तावित 10% पानी कटौती को लागू नहीं करेगी। शहर को पानी की आपूर्ति करने वाली सात झीलों में पानी का भंडार 50% से कम हो जाने के बाद बीएमसी ने कटौती करने का फैसला किया था। बीएमसी के अनुसार, 1 मार्च को झीलों में उपयोगी पानी का स्टॉक कुल उपयोगी स्टॉक का 42.67% था।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com